ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-11-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-11-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-11-24	2021-11-25	2021-11-26	2021-11-27	2021-11-28
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	25.0	24.0	24.0	25.0	25.0
न्यूनतम तापमान(से.)	7.0	7.0	8.0	8.0	9.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	95	95	95	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	50	55	55	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	4.0	4.0	4.0	4.0
पवन दिशा (डिग्री)	140	50	50	310	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	1	1	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (16 – 22 नवम्बर, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 25.6 से 29.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 10.2 से 15.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 85 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 32 से 44 प्रतिशत एवं हवा 0.9 से 4.5 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 24.0 से 29.0 व 7.0 से 9.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 4.0-6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है। रबी की फसलों की बुवाई से पहले किसान अपने-अपने खेतों को अच्छी प्रकार से साफ-सुथरा करें तथा खेत में सड़े गोबर की खाद का उपयोग करें क्योंकि यह मृदा के भौतिक तथा जैविक गुणों को सुधारती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बढ़ाती है। पशुओं को सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा। फसलों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें। रबी फसलों का विभिन्न रोगो से बचाव हेतु, बुवाई से पूर्व बीज को उपचारित अवश्य करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूॅ की फसल की बुवाई करें। मैदानी क्षेत्रों में जल्दी पकने वाली प्रजातियों को नवम्बर के दूसरे पखवाड़े में बोये।
जौ	माह के द्वितीय पखवाड़े में, सिंचित दशा में जौ की बुवाई करें।
सरसों	समय पर बोई गई पीली सरसों की फलियो में दाना भरते व देर से बोई गई फसल में फूल आने से पूर्व हल्की सिंचाई करें
रेपसीड	समय पर बोई गई तोरिया की फलियो में दाना भरते व देर से बोई गई फसल में फूल आने से पूर्व हल्की सिंचाई करें
गन्ना	शरदकालीन गन्ने में बुवाई के 25-30 दिन पर निराई-गुड़ाई करें। आवश्यकतानुसार बुवाई के 30-40 दिन बाद सिंचाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	प्याज के खेत में रोपाई से 3-4 हफते पूर्व प्रति हेक्टेयर 25-30 कुंटल गोबर की सड़ी खाद मिला दें। रोपाई हेतु प्याज की 7-8 सप्ताह पुरानी पौध का प्रयोग करें। प्याज की रोपाई, बड़ी प्याज हेतु 15x10 सेमी तथा छोटी प्याज हेतु 8x5 सेमी की दूरी पर करें।
लीची	फलदार लीची के पौधों में सिंचाई न करें। क्योंकि इससे बौर निकलने में बाधा उत्पन्न होती है। परन्तु नये पौधें जो अभी फलत में नहीं आये है उसमें सिंचाई की जा सकती है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	भैसों का मदकाल अक्टूबर-नवम्बर तक होता है, इसलिए इन महीनो में मादा भैंसों में मदकाल के लक्षणों का सुबह- शाम निरीक्षण करें, ताकि गर्भाधान की प्रक्रिया समय से सम्पन्न करायी जा सके।